जिलाधिकारी महोदय चमोली की ...

।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।
E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone No :- 01372-252175

पत्रांकः 6617 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, जून 24 /2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, थराली।

विषयः– जनपद चमोली के अन्तर्गत फारकोट से डुडवागाड़ तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.610 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

संदर्भः– आपका ऑनलाईन ई0डी0एस0 दिनांक 17.06.2023.

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जबकि इस कार्यालय द्वारा आपको प्रस्ताव में कमियो के निराकरण तथा प्रस्ताव का पूर्ण अवलोकन करने के उपरान्त पूर्ण प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करने हेतु लिखा गया था, परन्तु आपके द्वारा अभी भी प्रस्ताव का पूर्ण अवलोकन किये बिना ही अपूर्ण/अधूरा प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। वर्तमान में प्रस्तावित मोटर मार्ग के के0एम0एल0 फाईल को Google Earth में देखने पर पाया गया कि लाभांवित होने वाले गांव सोल्टा, डुडवागाड़ को पूर्व निर्मित नजदीकी मोटर मार्ग से जोड़ा जा सकता है, जिसमें कम वन भूमि व कम पेड़ो को क्षति पहुंचेगी। Google Earth की image में सोल्टा, रैंस गांव से नजदीकी मोटर मार्ग से लगभग 1.00किमी0 में जोड़ा जा सकता है। जबकि आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में मोटर मार्ग की लम्बाई 4.00किमी0 प्रस्तावित है। जबकि चोपता से डडुवागाड़ मोटर मार्ग डुडवागाड़ गांव को मोटर मार्ग से जोड़ चुका है, उक्त निर्मित मोटर मार्ग से प्रस्तावित मोटर मार्ग से जुड़ने वाला एक मात्र गांव सोल्टा गांव की दूरी लगभग 250 मी0 है, जबकि IRC के मानको के अनुसार पूर्व में निर्मित मोटर मार्ग से 500मी0 दूरी पर स्थित गांवो को सड़क से जुड़ा हुआ माना गया है। इसलिए पर्यावरणीय क्षति के दृष्टिगत प्रस्तावित मोटर मार्ग से ग्राम सोल्टा व डडुवागाड मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना औचित्य पूर्ण नहीं है।

अतः पर्यावरण दृष्टिकोण को मध्यनजर रखते हुए उपरोक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण पर विचार किया जाना संभव नही है। यदि यह मोटर मार्ग का निर्माण अत्यन्त महत्वपूर्ण है तो इस सम्बन्ध में स्पष्ट औचित्यपूर्ण आख्या इस कार्यालय को प्रेषित करे।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

O/V

Scanned with CamScanner